PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Focus News, delhi
Mon, 15 May 2017, Page 1
Width: 68.24 cms, Height: 35.90 cms, a3r, Ref: 11.2017-05-15.11

योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा : प्रधानमंत्री समेत 55 हजार लोग लेंगे हिस्सा

। चंद्रशेखर।

लखनऊ, फोकस न्यूज, केन्द्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर आगामी 21 जून को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होने वाले भव्य कार्यक्रम की तैयारियों की आज समीक्षा की। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत लगभग 55 हजार लोग हिस्सा लेंगे। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता के अनुसार गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में समीक्षा की। इस दौरान राज्य मंत्री आयुष मंत्रालय रूस्वतंत्र प्रभाररू श्रीपद येसो नाइक भी मौजूद थे। लखनऊ से सांसद राजनाथ ने प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही तैयारियों के प्रस्तुतीकरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसको देखने से स्पष्ट है कि लखनऊ में आयोजित होने वाला योग कार्यक्रम व्यापक एवं सफल होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आगामी 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लखनऊ के रमाबाई अम्बेडकर मैदान में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लगभग 55 हजार लोग भाग लेंगे। यह मुख्यालयों, तहसीलों एवं विकास खण्डों के सार्वजनिक स्थानों, विद्यालयों एवं पार्को (शेष पेज दो पर)

शासकीय नहीं, बल्कि जनसामान्य योग कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक लोगों के लिए पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी। इस आयोजन में अनेक शैक्षिक संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों ने भाग लेने की रुचि दिखाते हुए सहयोग प्रदान करने की इच्छा व्यक्त की है। लखनऊ में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को लाने एवं ले जाने के लिये निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध करायी जाएगी। लखनऊ के साथ–साथ प्रदेश के सभी जनपद

PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Focus News, delhi
Mon, 15 May 2017, Page 1
Width: 25.15 cms, Height: 5.84 cms, a4r, Ref: 11.2017-05-15.11

योग दिवस... (पेज एक का शेष) में भी व्यापक रूप से योग–कार्यक्रम आयोजित कराये जायेंगे। योगी ने इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार कराने का निर्देश देते हुए कहा कि लखनऊ नगर के अन्य सार्वजनिक स्थानों एवं पार्कों में आम नागरिकों की सुविधा के लिये एलईडी स्क्रीन लगाकर सीधा प्रसारण कराया जायेगा ताकि आम नागरिक अपनी सुविधानुसार विभिन्न पार्कों में योग कर सकें। उन्होंने योग कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सुविधा के लिये 28 दिन का योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश भी दिये हैं।